Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding need to provide stoppage of Shivganga Express at Gyanpur Road railway station in Uttar Pradesh.-Laid

श्री रमेश बिन्द (भदोही): मेरे लोक सभा क्षेत्र भदोही के अंतर्गत भदोही और मिर्ज़ापुर जिला आता है जो कालीन और अन्य उद्योगों के लिए विश्व में प्रसिद्ध है और इनका निर्यात विश्व के कई देशों को किया जाता है। ट्रेन नंबर 12559/12560 शिवगंगा एक्सप्रेस वर्तमान में बनारस से दिल्ली के बीच चलती है और सिर्फ कानपुर अथवा प्रयागराज स्टेशन पर इसका ठहराव है। भदोही जिले के अंतर्गत आने वाले ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेन जैसे चौरी चौरा एक्सप्रेस और स्वतंत्र सेनानी सुपरफास्ट एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों का ठहराव है और विगत कई वर्षों से यह मांग है कि शिवगंगा एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर दिया जाए जिसके परिणामस्वरूप मिर्ज़ापुर और भदोही जिले के व्यापारी, छात्र और उपचार के लिए यात्रा करने वाले मरीज़ों को राहत मिलेगी और मेरे लोक सभा क्षेत्र भदोही के आर्थिक विकास और कालीन उद्योग को और भी गति मिलेगी। मेरा सरकार और रेल मंत्रालय से आग्रह है कि शिवगंगा एक्सप्रेस का ठहराव ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर दिए जाने की मांग को तत्काल स्वीकृति दी जाए जिससे मेरे लोक सभा क्षेत्र के निवासियों को उद्योग, शिक्षा या उपचार के लिए यात्रा करना आसान होगा और पूर्वांचल में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने के अतिरिक्त रोज़गार भी उत्पन्न होगें।